मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर
**MOHANLAL SUKHADIA UNIVERSITY, UDAIPUR**

क्रमांक–मोलासुवि / गोपनीय / 2020 / 1589 दिनांक– 11.09.2020

## केन्द्राधीक्षकों के ध्यानाकर्षण हेतु महत्वपूर्ण बिन्दु

दिनांक 17.09.2020 से प्रारम्भ होने वाली शेष परीक्षाओं के संदर्भ में केन्द्राधीक्षकों हेतु कोरोना 'कोविड–19' महामारी से फैलने वाले सम्भावित संक्रमण से बचाव तथा परीक्षा सम्बंधी अन्य व्यवस्थाओं बाबत् ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण बिन्दु :–

1. स्नात्तक एवं स्नातकोत्तर उत्तर्रार्द्व सभी पाठ्यक्रमों के शेष रहे प्रश्न पत्रों की परीक्षाएं दिनांक 17.09.2020 से विश्वविद्यालय की वेब साईट www.mlsu.ac.in पर जारी समय सारिणी के अनुसार प्रारम्भ की जाएगी। परीक्षा की अवधि, निर्धारित 3 (तीन) घन्टे के स्थान पर **2 (दो) घन्टे कर दी गई है** तथा प्रश्न पत्र के खण्ड 'अ', 'ब' एवं 'स' में से **खण्ड 'स' को विलोपित कर दिया गया है,** अतः परीक्षार्थियों को केवल **खण्ड 'अ' के सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य है** तथा **खण्ड 'ब' में इकाई (Unit) की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है इसके अनुसार खण्ड 'ब' के कोई 5 प्रश्न हल करने है,** तदानुसार उत्तरपुस्तिकाओं के पूर्णांक / प्राप्तांको को आनुपातिक रूप से परिवर्तित कर परिणाम जारी किया जाएगा।
2. **बिंदु 1 के अन्तर्गत प्रश्न पत्रों के खण्ड विभाजन में किए गए परिवर्तन का परीक्षार्थियों की सूचनार्थ एक सील बनवा कर आपको भिजवायी गई है, कृपया यह सील प्रति दिन, प्रत्येक प्रश्न पत्र पर वितरण से पुर्व लगवा देवें। अथवा प्रश्न पत्र वितरण करने से पूर्व वीक्षक के माध्यम से इस बाबत् परीक्षा कक्ष में उद्घोषणा करवा देवें।**
3. निर्देशानुसार सम्बंधित सभी परीक्षार्थियों को उनके सम्बंधित परीक्षा केंन्द्रों पर सामाजिक दुरी (Social Distancing) की पालना करते हुए अपना प्रवेश पत्र, मास्क, सेनेटाईजर एवं पानी की बोतल साथ लेकर परीक्षा के निर्धारित समय से 01 (एक) घन्टा पूर्व पहुँच कर निर्धारित प्रवेश द्वार पर थर्मल स्केनिंग करवा कर तुरन्त परीक्षा कक्ष में अपना आवंटित स्थान ग्रहण करने सम्बंधी सूचना प्रदार्शित करावे।
4. **सामाजिक दुरी, निसंक्रमण (Sanitizer) तथा 'कोविड–19' से सम्बंधित केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जारी अन्य निर्देशों की पालना नहीं करने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एहतियातन अपने क्षेत्र के सम्बन्धित थानाधिकारी से सम्पर्क कर जाब्ता लगवा कर सरकार की गाईड लाइन की पालना करवायी जावें।**
5. परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र पर मोबाईल व अन्य इलेक्ट्रोनिक गैजेट इत्यादि एवं किसी भी प्रकार के नशे से सम्बंधी वस्तु यथा पान, गुटखा, तम्बाकू, सुपारी, बीड़ी–सिगरेट अपने साथ नही लेकर आयेगे।
6. परीक्षा केन्द्र पर आने वाले प्रत्येक कर्मचारी एवं परीक्षार्थियों से कृपया सामाजिक दुरी (Social Distancing) एवं मुहँ पर मास्क पहनने की अनिवार्य रूप से पालना करवाएं, एवं परीक्षा केन्द्र परिसर में बिना मास्क के कोई भी विद्यार्थी व कर्मचारी प्रवेश न करें। अपरिहार्य परिस्थितियों हेतु कुछ मास्क केन्द्र पर उपलब्ध रखावें।
7. परीक्षा की प्रत्येक पारी में नियंत्रण कक्ष, परीक्षा कक्षों तथा शौचालयों का पुर्ण सेनिटाइजेशन करवाएँ। साथ ही परीक्षार्थियों / वीक्षकों आदि के हाथ सेनिटाइजेशन करने के लिए सेनिटाइजेशन बोतल प्रत्येक परीक्षा कक्ष के वीक्षक को दी जावे जिससे कि वीक्षक परीक्षार्थियों के कक्ष में स्थान



Rkumawat
11/9/20.

ग्रहण करने के पूर्व हाथों को सेनिटाइज करवा सकें। इसके तहत प्रत्येक छः परीक्षा दिवसों हेतु Rs. 700/– (सात सौ रूपये) मात्र की दर से तथा सेनिटाइजेशन का कार्य करने वाले एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को Rs. 100/– (एक सौ रूपये) मात्र प्रति परीक्षा सत्र की दर से राशि का भुगतान किया जाएगा।

8. परीक्षा में अनुचित साधनों के प्रयोग की रोकथाम के लिए विश्वविद्यालय नियमों की अक्षरशः पालना करवाये।

9. **कृपया नवीनतम् समय सारिणी के अनुसार आपके पास पहले से उपलब्ध प्रश्न–पत्रों के लिफाफों पर समय, वार एवं तिथि संशोधित करवाना सुनिश्चित करावे।**

10. परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था भी सुरक्षा की दृष्टि से बदल दी जावे जैसे पूर्व में जिस कक्ष की क्षमता 30 थी उसमें 20–24 परीक्षार्थी ही बैठाए जाए, इस प्रकार विभिन्न क्षमता वाले कमरों में इस अनुपात में बैठक व्यवस्था की जावें।

11. यदि सम्भव हो तो परीक्षा केन्द्र पर एक चिकित्सा दल की तैनाती करावें।

12. कोविड–19 महामारी का संक्रमण न फैले इस हेतु बचाव के उपाय दर्शाने वाले पोस्टर आपके केन्द्र पर भेजे गए हैं, इन्हें उचित स्थान पर प्रदर्शित करें जहाँ आसानी से इसे पढ़ा जा सके।

13. **परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थी की सीट पर ही पीने का पानी उपलब्ध करवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करावें।**

14. यदि कोई विद्यार्थी, जो किसी भी प्रकार की संक्रामक बिमारी से ग्रसित हो और परीक्षा देने आता है, तो कृपया उसके बैठने की व्यवस्था अलग कक्ष में करावें।

15. **परीक्षार्थियों की सूचनार्थ प्रश्नपत्रों की योजना, समयावधि में परिवर्तन एवं अन्य कोई भी परिवर्तन हों उस आशय की घोषणा परीक्षा कक्षों में विक्षकों के माध्यम से प्रश्न पत्र वितरण से पूर्व करने हेतु कृपया विक्षकों को उचित समय पर सूचित करने कर श्रम करें।**

16. राज्य सरकार के निर्देशानुसार परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी के अलावा किसी भी अन्य व्यक्ति का प्रवेश निषेध है।

17. कृपया यह भी सुनिश्चित करें कि परीक्षा कक्षों में लगे सभी सी.सी.टी.वी. केमरे चालू हों तथा केमरों के माध्यम से परीक्षा के दौरान निगरानी रखने हेतु समय–समय पर जाँच करते रहें।

RKumawat

(डॉ. आर.सी. कुमावत)
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्न को प्रेषित हैः–**

1. श्रीमान् केन्द्राधीक्षक........................................................................।
2. श्रीमान् कुल सचिव, मोलासुविवि, उदयपुर ।
3. श्रीमान् वित्त नियंत्रक, मोलासुविवि, उदयपुर।
4. समन्वयक, विश्वविद्यालय उड़नदस्ता, पर्यावरण विज्ञान विभाग, विज्ञान महाविद्यालय, उदयपुर।
5. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय, मोलासुविवि, उदयपुर।

Laxman 11/9/2020

(लक्ष्मण लाल रेगर)
वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी